**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 20.08.2026 समय : 0705

**<><><><><><><><>**

1. विकसित भारत युवा नेता संवाद 2027 का शुभारंभ विकसित भारत प्रश्नोत्तरी के साथ हुआ, जो 30 सितम्बर तक चलेगा।
2. खेल एवं युवा मामले विभाग की ओर से 28 से 30 अगस्त तक राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया जाएगा।
3. मध्योत्तर अंडमान जिला उपायुक्त सुशांत पाधा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टुगापुर में जारवा वार्ड का उद्घाटन किया।
4. अगले पांच दिनों में द्वीपसमूह के एकाध स्थानों पर तेज हवाओं के साथ भारी वर्षा होने की संभावना है।

<><><><><><><><>

विकसित भारत युवा नेता संवाद 2027 का शुभारंभ, 17 अगस्त से 30 सितंबर तक चलने वाली विकसित भारत प्रश्नोत्तरी के साथ हो गया है। यह संवाद पूरे देश के युवाओं के लिए नेतृत्व, नवाचार और राष्ट्र निर्माण की एक सुनियोजित और योग्यता पर आधारित यात्रा में भाग लेने का एक अवसर है। इस संवाद में विकसित भारत प्रश्नोत्तरी, निबंध प्रतियोगिता तथा जिला, राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश स्तर की चैंपियनशिप का आयोजन होगा। ये कार्यक्रम नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय विकसित भारत युवा नेता संवाद के साथ समपन्न होगा, जहां चयनित युवाओं को प्रधानमंत्री के समक्ष अपने विचार रखने का अवसर मिलेगा।

<><><><><><><><>

शिक्षा मंत्रालय ने युवा संगम के सातवें चरण के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की आखिरी तारीख इस महीने की 31 तारीख तक बढ़ा दी है। मंत्रालय ने कहा कि तारीख बढ़ने से देश भर के योग्य युवाओं को इस अनोखे युवा एक्सचेंज प्रोग्राम में पंजीकरण करने और हिस्सा लेने का एक और मौका मिलेगा। 18 से 30 साल आयु वर्ग के युवा आधिकारिक पोर्टल के ज़रिए पंजीकरण कर सकते हैं। युवा संगम के सातवें चरण के लिए, आईआईटी, आईआईएम, केंद्रीय विश्वविद्यालय और NIT समेत 20 उच्च शिक्षण संस्थानों को नोडल संस्थान के रूप में चुना गया है।

<><><><><><><><>

खेल एवं युवा मामले विभाग की ओर से 28 से 30 अगस्त तक राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन 29 अगस्त को हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर देशव्यापी अभियान 'खेलेगा भारत, जीतेगा भारत' और फिट इंडिया पहल के तहत तीन प्रमुख स्तंभों– "श्रद्धांजलि, खेल और आगे बढ़ें के आधार पर आयोजित किया जाएगा। तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान 28 अगस्त को मेजर ध्यानचंद को पुष्पांजलि, खेल चुनौतियां, एथलीटों व कोचों के साथ बातचीत, 29 अगस्त को 'एक घंटा खेल के मैदान में' विषय के साथ मुख्य समारोह आयोजित होगा। इसमें सरकारी विभागों, शैक्षणिक संस्थानों और संगठनों द्वारा कम से कम 1 घंटे के लिए खेल और शारीरिक गतिविधियों के आयोजन होंगे। 30 अगस्त को साइकिलिंग, वॉकाथॉन, और रन–एंड–राइड और अन्य प्रतियोगिताएं खेली जाएंगी। शिक्षा विभाग के सहयोग से तीनों जिलों के शैक्षणिक ब्लॉकों में स्कूली बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिताएं और 10 किमी की रोड रेस आयोजित होंगी। ओपन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक नागरिक पंजीकरण के लिए खेल एवं युवा मामले विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की संस्कृति, विरासत और अनकही कहानियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए 'जेम्स ऑफ इंडिया चैलेंज' के तहत द्वीपसमूह में जागरूकता और अभिविन्यास कार्यशालाओं के आयोजन किए जा रहे हैं। प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य छात्रों, युवाओं और डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स को द्वीपों की समृद्ध पहचान, जनजातीय संस्कृति, इको–टूरिज्म, स्थानीय व्यंजनों, परंपराओं और इतिहास पर डिजिटल सामग्री बनाने के लिए प्रेरित करना है। इस सिलसिले में कल

द्वीपसमूह के विभिन्न स्कूलों और प्रशासनिक कार्यालयों में वर्चुअल कार्यशालाओं के आयोजन किए गए, जिसमें पर्यटन विभाग के विशेषज्ञों ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। आज भी द्वीपों के अन्य क्षेत्रों में कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। इच्छुक प्रतिभागी WAVES OTT ऐप डाउनलोड कर अपनी प्रविष्टियां 31 अगस्त तक जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिला उपायुक्त सुशांत पाधा ने हाल ही में स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टुगापुर में 4 बिस्तरों वाले जारवा वार्ड का उद्घाटन किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत पहलगांव के प्रधान शिबानंद बैरागी, ग्राम पंचायत चैनपुर के प्रधान जॉनसन केरकेट्टा और विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। इस समर्पित वार्ड की शुरुआत स्थानीय स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने और जारवा जनजाति के लोगों को समान व सुलभ चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिला उपायुक्त ने स्वास्थ्य केन्द्र  के कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए लुईस इनलेट बे में रहने वाले जारवा जनजाति की समस्याओं पर चर्चा की।

<><><><><><><><><><>

अगले पांच दिनों के लिए मौसम संबंधी पूर्वानुमान के अनुसार द्वीपसमूह में एक या दो स्थानों पर तेज हवाओं के साथ भारी वर्षा होगी। इस दौरान हवा की गति 35 से 45 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से रहेगी, जिसके बढ़कर 55 किलोमीटर प्रतिघंटा होने की संभावना है। खराब मौसम को देखते हुए मछुआरों को 22 अगस्त तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। पर्यटकों व आम जनता को तटीय गतिविधियों और मनोरंजन के दौरान उचित सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><><><><>

आपदा प्रबंधन निदेशालय की ओर से शिक्षकों के तीसरे बैच के लिए 'स्कूल सुरक्षा और आपदा तैयारी' पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षा निदेशालय के समन्वय से आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी और निजी स्कूलों के 45 शिक्षकों ने भाग लिया। इस अवसर पर सहायक निदेशक जनिक राम ने शिक्षण संस्थानों में आपदा तैयारियों को मजबूत करने के महत्व पर प्रकाश डाला। आपदा प्रबंधन निदेशक प्रियंका कुमारी ने आपात स्थिति के दौरान छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में शिक्षकों की भूमिका पर जोर दिया। तकनीकी सत्र के दौरान स्कूल सुरक्षा, खोज एवं बचाव, प्राथमिक चिकित्सा प्रतिक्रिया और अग्नि सुरक्षा पर जानकारी दी गई।

<><><><><><><><><><>

रामकृष्णपुर गांव के किसानों के लिए हाल ही में अज़ोला खेती पर प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रदर्शन कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों को अज़ोला गड्ढे स्थापित करने के लिए अज़ोला के पौधे और मवेशी आहार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कुल 21 किसानों ने भाग लिया।

<><><><><><><><><><>

असंगठित मजदूर एवं कर्मचारी कांग्रेस के अध्यक्ष एस. तेजेश्वर राव ने उपराज्यपाल से ब्लॉक किए गए राशन कार्डों और लंबित 'आइसलैंडर कार्ड' के आवेदनों के समाधान के लिए तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से कई पात्र राशन कार्ड निष्क्रिय पड़े हैं। ऐसे सभी कार्डों की पहचान के लिए द्वीपव्यापी अभियान चलाया जाए।

<><><><><><><><><><>

**समाचार पत्रों की सुर्खियां**

प्रधानमंत्री सड़क दुर्घटना पीड़ित अस्पताल में भर्ती एवं सुनिश्चित उपचार योजना के तहत पीड़ितों का डेढ़ लाख रूपये तक का निशुल्क उपचार के समाचार को **द डेली टेलीग्राम्स** और **द्वीप समाचार** ने अपनी बड़ी खबर बनाई है। इसके अलावा अखबार ने सांसद के मुख्य सचिव से मुलाकात के दौरान विभिन्न मुददों पर चर्चा करने के समाचार को भी प्रमुखता दी है। **द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने पर्यटन हितधारकों द्वारा विमान की कमी को लेकर चिंता जताए जाने के समाचार को प्रकाशित किया है। **इंफो इंडिया** ने आम जनता से टीबी मुक्त भारत ऐप डाउनलोड करने और उसका सक्रिय रूप से इस्तेमाल करने की अपील, जबकि **द इको ऑफ इंडिया** ने उच्च शिक्षा निदेशक के पोकाडेरा खेल मैदान के विकास को लेकर चर्चा के समाचार को अपने अखबार में जगह दी है।

**<><><><><><><>**